सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति

- **राज्यपाल ने किए बाबा केदारनाथ और भगवान बद्री विशाल के दर्शन।**
- **राज्यपाल ने चार धाम को प्लास्टिक मुक्त करने के लिए सभी से सामूहिक प्रयास करने को की अपील।**
- **बदरीनाथ एवं केदारनाथ धाम में ड्यूटी कर अधिकारियों एवं कर्मचारियों का बढ़ाया मनोबल।**

राजभवन देहरादून/रुद्रप्रयाग/चमोली 12 मई, 2024

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) रविवार को बाबा केदारनाथ के दर्शन करने केदारनाथ धाम पहुंचे। उन्होंने बाबा केदारनाथ का रुद्राभिषेक कर बाबा की विशेष पूजा अर्चना कर विश्व एवं जन कल्याण के लिए कामना की। इस दौरान उन्होंने केदारनाथ में चल रहे पुनर्निर्माण एवं विकास कार्यों की समीक्षा भी की। राज्यपाल ने धाम को प्लास्टिक मुक्त करने के लिए सभी से सामूहिक प्रयास करने की अपील की।

राज्यपाल ने जिलाधिकारी एवं श्रद्धालुओं से वार्ता करते हुए केदारनाथ धाम एवं पूरी यात्रा को प्लास्टिक फ्री बनाने का आह्वान किया। उन्होंने श्रद्धालुओं से बात कर यात्रा मार्ग में प्लास्टिक के उपयोग न करने की अपील की। उन्होंने जिलाधिकारी को इस ओर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए।

राज्यपाल ने ड्यूटी पर मौजूद सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का अभिनंदन करने के बाद तीर्थ पुरोहित समाज एवं मुख्य पुजारी से मिले। इस दौरान उन्होंने उत्तराखंड के सतत विकास के लिए भी बाबा केदार से आशीर्वाद मांगा। पूजा–अर्चना के बाद राज्यपाल ने मंदिर प्रांगण में खड़े श्रद्धालुओं का अभिवादन कर बाबा केदार के जयकारे भी लगवाए। उन्होंने श्रद्धालुओं से रूबरू होते हुए उनकी यात्रा एवं व्यवस्थाओं की जानकारी भी ली।

उन्होंने जिलाधिकारी से केदारपुरी में चल रहे विकास एवं निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की। जिलाधिकारी ने उन्हें विभिन्न चरणों में केदार घाटी में चल रहे विकास कार्यों की रिपोर्ट पेश करते हुए आने वाले समय में होने वाले कार्यों की जानकारी भी उपलब्ध करवाई। श्री केदारनाथ धाम की यात्रा को सुगम और सुव्यवस्थित बनाने में अपना योगदान दे रहे स्वच्छता कर्मचारियों, डॉक्टर्स की टीम, जिला प्रशासन, पुलिस, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और मंदिर समिति के सभी लोगों की सराहना करते हुए सभी को और बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

इसके उपरांत राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) कपाट खुलने के अवसर पर बदरीनाथ पहुंचे जहां उन्होंने भगवान बद्री विशाल के दर्शन व पूजा करते हुए देश और प्रदेश की सुख समृद्धि व खुशहाली के लिए प्रार्थना की। राज्यपाल ने कपाट खुलने पर श्रद्धालुओं को बधाई देते हुए उनकी मंगलमय यात्रा की कामना भी की।

इस दौरान राज्यपाल ने बदरीनाथ आए श्रद्धालुओं से बातचीत करते हुए यात्रा व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। बदरीनाथ में पुनर्निर्माण कार्यों का जायजा लेते हुए राज्यपाल ने कहा कि आने वाले समय में बदरीनाथ धाम और भी दिव्य और भव्य नजर आएगा। उन्होंने विषम परिस्थितियों में बदरीनाथ महायोजना के कार्यो में जुटे सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों प्रशंसा करते हुए शाबासी दी। इस अवसर पर सचिव श्री राज्यपाल रविनाथ रामन, जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग डॉ. सौरभ गहरवार, जिलाधिकारी चमोली हिमांशु खुराना, पुलिस अधीक्षक रुद्रप्रयाग डॉ. विशाखा एवं पुलिस अधीक्षक चमोली सर्वेश पंवार उपस्थित रहे।

............0............